वर्ष- 22 अंक - 64 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, रविवार 16 अगस्त 2026



## आज रात को नागचंद्रेश्वर मंदिर खुलेगा

**उज्जैन.एजेंसी।** कल सावन सोमवार के दिन ही नागपंचमी भी मनाई जाएगी। उज्जैन में कल महाकाल के दर्शन करने वालों के अलावा यहां स्थित नागचंद्रेश्वर मंदिर में भी भक्तों की भीड़ रहेगी। नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट आज रात को 12 बजे खुलेंगे, जो कल रात को 12 बजे तक खुले रहेंगे।



## ममता के करीबी पूर्व डिप्टी स्पीकर ने लगाई फांसी

### सुसाइड नोट में लिखा राजनीति में आकर गलती की

**बीरभूम.एजेंसी।** पश्चिम बंगाल विधानसभा के पूर्व डिप्टी स्पीकर और पांच बार के तृणमूल कांग्रेस विधायक आशीष बनर्जी का शव आज सुबह बीरभूम जिले के रामपुरहाट में उनके आवास से सटे टीएमसी कार्यालय के अंदर फंदे से लटका मिला है। आशीष बनर्जी को ममता बनर्जी का करीबी माना जाता है। 2026 के विधानसभा चुनाव में वो हार गए थे। वह पश्चिम बंगाल विधानसभा के पूर्व डिप्टी स्पीकर और कृषि मंत्री भी रह चुके थे। घटनास्थल से उनका एक सुसाइड नोट मिला जिसमें उन्होंने लिखा राजनीति में आकर शायद गलती कर दी। पत्र में उन्होंने तारापीठ रामपुरहाट डेवलपमेंट अथॉरिटी में खुद को हाशिए पर धकेले जाने और अपनी बेदाग छवि को नुकसान पहुंचाने की साजिशों का जिक्र किया। उन्होंने अपने परिजनों और आने वाली पीढ़ियों को भविष्य में कभी भी राजनीति में शामिल न होने की नसीहत दी है।

## आज सोरेन व राहुल के पुतलों का दहन

**रांची.एजेंसी।** झारखंड में आंदोलन कर रहे छात्रों ने आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा सोरेन की सरकार को समर्थन देने वाली कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के पुतले जलाने का ऐलान किया है।

## मोदी ने विपक्षी नेताओं को बताया दिमागी नक्सली

**नई दिल्ली.एजेंसी।** लालकिले पर 13वीं बार तिरंगा फहराने के बाद मोदी ने अपे भाषण में इशारों-इशारों में विपक्षी नेताओं को दिमागी नक्सली बता दिया। उधर कांग्रेस कार्यालय पर ध्वजारोहण के समय वंदे मातरम के दौरान सोनिया और खरगे हिलते-डुलते और बतियाते हुए नजर आए।

## श्रद्धालुओं से भरी गाड़ी में आया करंट, लगी आग-20 घायल

**करनाल.एजेंसी।** हरियाणा के करनाल में श्रद्धालुओं से भरे कैंटर हाईवोल्टेज बिजली की तारों की चपेट में आ गया। गाड़ी में करंट फैलने के बाद आग लग गई। गाड़ी में करीब 50 लोग सवार थे जिनमें से 20 से ज्यादा घायल हो गए।

## सदैव अटल पहुंचे मोदी



**नई दिल्ली.एजेंसी।** आज भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश नारायण सिंह समेत तमाम नेताओं ने 'सदैव अटल' समाधि स्थल पर जाकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

## इंडोनेशिया में भूकंप, 47 मरे दर्जनों घायल, इमारतें गिरी

**जकार्ता.एजेंसी।** पूर्वी इंडोनेशिया में 7.7 तीव्रता के भीषण भूकंप से 47 लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा घायल हो गए। कई इमारतें गिर गईं जिनके मलबे में अभी भी कई लोग दबे हुए हैं। भारत के पड़ोसी देश म्यांमार में भी आज तड़के भूकंप के झटके महसूस किए गए।

## 16 रुपए में कपड़े लेने के लिए उमड़ी भीड़, मची भगदड़

**कानपुर.एजेंसी।** कानपुर में अनवरगंज थाना क्षेत्र के आलम मार्केट में आज 16 रुपए की सेल ने अफरा-तफरी मचा दी। कपड़ा कारोबारी रईस आलम ने जन्मदिन के मौके पर महज 16 मिनट के लिए कपड़ों समेत कई सामान की कीमत 16 रुपए कर दी। सेल की जानकारी मिलते ही हजारों की संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए जिससे धक्कामुक्की हुई और फिर भगदड़ भी मच गई।

## कुत्तों के कारण स्कूल हुए बंद

**राजौरी.एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी में कुत्तों ने कई लोगों को काटकर घायल कर दिया। कुत्तों के इस आतंक को देखते हुए कई पंचायतों के स्कूलों को एक दिन के लिए बंद कर दिया गया और सीआरपीएफ के जवान भी तैनात कर दिए।





ब्रह्मलीन
श्री सुभाष यादव
उप-मुख्यमंत्री
ब्रह्मलीन
श्री रामलाल यादव (भल्लू भैया)
पूर्व विधायक
ब्रह्मलीन श्री बंते यादव
ब्रह्मलीन श्री बबलू यादव
बाणगंगा क्षेत्र में पूरे श्रावण मास के पावन अवसर पर प्रतिदिन
समस्त कावड़ियों के लिए फरियाली खिचड़ी वितरण
श्री बाणेश्वर महादेव की
भव्य सवारी
श्रावण मास के तृतीय सोमवार
वर्ष 29 वाँ
दिनांक :17 अगस्त 2026
समय : सुबह 9 बजे से
स्थान : बाणेश्वर धाम (कुण्ड), बाणगंगा, इन्दौर
यात्रा प्रभारी
दीपू यादव
सौ.से: यदु यादव, मुक्कु यादव मित्रमण्डल नवजीवन ग्रुप

# मुख्यमंत्री देंगे महापौर की पहल पर सौगात

## क्षेत्र क्रमांक 4 को 40 साल बाद मिलेगी जरूरी सड़क, चिड़ियाघर में भी 14-डी थियेटर शुरू करवाएंगे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

महापौर पुष्यमित्र भार्गव के कार्यकाल में आज शहर को बड़ी सौगात मिल रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव क़ई सौगात देने आज शहर में रहेंगे। इस पहल के तहत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक चार को 40 साल बाद नागरिकों की उपयोगिता के लिए आवश्यक सड़क मिल सकेगी, चिड़ियाघर में भी 14-डी थियेटर शुरू करवाएंगे।

भार्गव की पहल पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में आज दोपहर में अलग-अलग स्थान पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इसमें शहर के नागरिकों को सौगात दी जाएगी। इसमें सबसे महत्वपूर्ण पहल अन्नपूर्णा रोड को फूटी कोठी रोड से जोड़ने वाली सड़क की है। इस सड़क को अटल पथ का नाम दिया गया है। इस सड़क की आवश्यकता क्षेत्र के नागरिकों को पिछले 40 साल से महसूस हो रही थी लेकिन नगर निगम के द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने के कारण अब तक इस सड़क का निर्माण नहीं हो सका था। महापौर पुष्यमित्र भार्गव के द्वारा व्यक्तिगततौर पर रुचि लिए जाने के कारण यह सड़क बनाकर तैयार हो गई है और आज मुख्यमंत्री द्वारा इस सड़क का लोकार्पण कर दिया जाएगा। इस सड़क का निर्माण हो जाने से इस क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों को ही नहीं बल्कि इस क्षेत्र से गुजरने वाले नागरिकों को भी एक बड़ी सुविधा मिल जाएगी। कल निगम अधिकारियों के साथ महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया था। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक मालिनी गौड़ भी पहुंची, हालांकि वे निरीक्षण के अंतिम दौर में वहां पहुंची थी। दशहरा मैदान में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहार वाजपेयी की 25 फीट प्रतिमा स्थापना के लिए भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भूमिपूजन करेंगे। इसके अलावा चिड़ियाघर में जंगल सफारी का आनंद देने वाला 14-डी थिएटर भी आज लोकार्पित कर दिया जाएगा। वैसे भी अब इंदौर के चिड़ियाघर में जाने वाले लोगों की संख्या बहुत ज्यादा बढ़ चुकी है। ऐसे में यह थिएटर इन लोगों का रोमांस और बढ़ाएगा। खासतौर पर बच्चों के लिए यह थिएटर एक बड़ी सौगात साबित होगा। इस थिएटर का निजी क्षेत्र की भागीदारी से निर्माण और विकास कराया गया है। इसे आज मुख्यमंत्री के हाथों लोकार्पण कराया जाएगा। इससे पहले आज सुबह निगम के अधिकारियों ने चिड़ियाघर पहुंचकर तैयारियों का अंतिम जायजा लिया। इसके साथ ही नेहरू पार्क में पिछले कई सालों से बंद स्विमिंग पूल को नया बनाने के बाद उसका भी आज लोकार्पण होगा। शहर में तैराकी का शौक रखने वाले लोगों को इस स्विमिंग पूल के बंद हो जाने से बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इंदौर नगर निगम शहर में केवल दो स्विमिंग पूल है। इसमें से एक यह स्विमिंग पूल बंद पड़ा हुआ था। दूसरा महूनाका का स्विमिंग पूल चल रहा था। नेहरू पार्क के इस इंदौर के सबसे पुराने स्विमिंग पूल के बंद हो जाने के कारण शहर के मध्य और पूर्वी क्षेत्र के नागरिकों को ज्यादा परेशानी थी। इन सभी लोगों की परेशानी आज समाप्त हो जाएगी। विकास कार्यों के लोकार्पण समारोह के माध्यम से महापौर के द्वारा अपने कार्यों को शोकेस किया जाएगा। ध्यान रहे कि इंदौर नगर निगम में महापौर के कार्यकाल के 4 वर्ष पूरे हो गए हैं और अंतिम पांचवा वर्ष भी शुरू हो गया है। ऐसे में महापौर की ओर से कोशिश है कि जो कार्य जल्दी से जल्दी पूरे हो सकते हो उन्हें तेजी के साथ पूरा करवा कर समाप्त कर दिया जाए।

**पार्षद शर्मा कई समय से लगे रहे-** इस सड़क को पूरा करने के लिए क्षेत्रीय पार्षद नितिन शर्मा शानू ने भी काफी प्रयास किए थे। कई बार वे अधिकारियों के साथ इस सड़क का निरीक्षण कर चुके थे। आज महापौर पुष्यमित्र भार्गव और पार्षद शानू शर्मा की पहल के बाद मुख्यमंत्री के हाथों यह सौगात मिल रही है।



## पार्षद के प्रयास से बनी आंगनवाड़ी विभाग को समर्पित

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधानसभा 1 के वार्ड 1 सिरपुर स्थित प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर के सामने नवीन आंगनबाड़ी भवन बनवाकर महिला बाल विकास विभाग को समर्पित किया गया। इस पूरे कार्य का प्रयास क्षेत्रीय पार्षद महेश चौधरी शिवा ने किया। चौधरी ने कहा कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और महापौर पुष्यमित्र भार्गव का इस कार्य में मार्गदर्शन रहा।



## सिंधी समाज से जुड़े भाजपा नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

### विभाजन की विभीषिका पर जलाए 79 दीप

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भारतीय सिन्धू सभा युवा शाखा,द्वारा विभाजन की विभीषिका पर 79 दीप जलाए और प्राण गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी गई। सिंधी समाज से जुडे भाजपा नेता पंकज फतेहचंदानी और उनके साथ योगेश वाधवानी ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य नई पीढी को विभाजन की विभिषिका से परिचित कराना है। राजा मांधवानी, नरेश फुँदवानी, गुलाब ठाकुर, अजय शिवानी,सुनील वाधवानी, रवि भाटिया, तुषार गंगवानी, खुशाल मोटवानी, गिरीश ठाकुर, डॉ. जितेन तलरेजा सहित अन्य भारतीय सिन्धू सभा युवा शाखा के आयोजन में मौजूद थे।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के अपमान पर भाजपा से माफी की मांग

### पैदल मार्च में कांग्रेसियों ने लगाए नारे, दलित समाज का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान!






**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेडे के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने जवाहरलाल नेहरू प्रतिमा से डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा तक नारेबाजी करते हुए पैदल मार्च निकाला। क्रांग्रेसियों ने कहा कि उत्तराखंड के हल्द्वानी में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी की सभा के बाद कार्यक्रम स्थल पर कथित रूप से 'शुद्धिकरण' किए जाने की घटना के विरोध में यह मार्च निकाला गया। कांग्रेसियों ने यात्रा में जमकर नारेबाजी करते हुए कहा कि भाजपा लगातार दलितों को अपमानित करने का काम कर रही और खडगे भी दलित समाज से होकर वयोवृद्ध है। इस मुद्दे पर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को माफी मांगना चाहिए। कांग्रेसियों ने रास्ते भर नारेबाजी कर कहा कि दलित समाज का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान...हर हाल में भाजपा को माफी मांगना होगी। चिंटू चौकसे, विपिन वानखेडे, राजेश चौकसे, सोनिला मिमरोट, शैलेष गर्ग, संजय बाकलीवाल, अमन बजाज, इम्तियाज बेलिम, देवेंद्र सिंह यादव, अमित चौरसिया, सन्नी राजपाल, गिरीश चितले, किरण जिरेती, दीपक मलोरिया रानू, सादिक खान, अनवर दस्तक, रफीक खान, विजय सतलोक, अज्जू ठेकेदार सहित अन्य मौजूद थे।



## भाजपाइयों ने भी अपने कार्यालय पर किया ध्वजारोहण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपाइयों ने कल भाजपा कार्यालय पर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया। नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बधाई दी। शैलेन्द्र बरुआ, सुमित मिश्रा, राजेश सोलंकी, पुष्यमित्र भार्गव, महेंद्र हार्डिया, मधु वर्मा, गोलू शुक्ला, सुदर्शन गुप्ता, गोपीकृष्ण नेमा, भूपेंद्रसिंह केसरी, नितिन शर्मा, अंजू माखीजा, मुद्रा शास्त्री, आलोक दुबे, दिव्या गुप्ता, सूरज केरो, हरिनारायण यादव, निरंजनसिंह चौहान, अश्विनी शुक्ल, नंदकिशोर पहाड़िया, सुधीर कोल्हे, महेश कुकरेजा, राकेश शर्मा, वासुदेव पाटीदार, भारत पारख, दीप्ति हाडा, नेहा शर्मा, सचिन बंसल, विशाल यादव, वरुण पाल, हेमराज वाडिया, रानू गर्ग, गोविंद पंवार, रितेश शर्मा, दीपांश खण्डेलवाल, राजा कोठारी उपस्थित थे।

## कांग्रेसियों ने झंडावंदन के साथ बच्चों को दिए फल-मिठाई

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधानसभा 2 के हीरा नगर चौराहा पर स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया गया। बच्चों को फल, मिठाई के साथ तिरंगे झंडे भी दिए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्याम यादव ने बताया कि इस अवसर पर चिंटू चौकसे, लाोगेश हाडिंया, नन्दकिशोर यादव, अशोक यादव, श्याम यादव, अमित तिवारी, अमोल, रामगोपाल हार्डिया, राजेश मौर्य, श्यामू यादव, राजेश कुशवाहा, ऋतुराज अहिरवार, सुनील चौधरी, प्रिंस हार्डिया, अजय वर्मा, मोनू मोयल, कमल कुशवाहा, सुनील चौधरी, संदीप यादव, गोपाल बागेश्वर, बृजमोहन यादव, हुकुम चौधरी, नवीन डांगी, राजकुमार, विष्णु, तुलसी मौजूद थे। आभार कांग्रेस नेता श्याम यादव ने माना।





# बम्बई बाजार चौराहा पर मुस्लिम समाजजनों ने किया ध्वजारोहण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कल स्वतंत्रता दिवस के अवसर बम्बई बाजार चौराहा पर एपीजे अब्दुल कलाम फाउंडेशन ने ध्वजारोहण आयोजित किया। बड़ी संख्या में मुस्लिम समाजजन मौजूद रहे। भाजपा नेता साजिद रायल ने बताया कि रेहान शेख, टीआई सतीश पटेल, जुनेद खान, अशफाक हुसैन गोलू, महफूज पठान, साबिर हाशमी, नासिर खान, शाहिद अली, इस्सू पठान, हमीद नियारगर, जमील लाला, साजिद अंसारी, सुब्हान पटेल, जावेद मॉडर्न, इकबाल, अज्जू, अकरम, युसूफ राजा, बबलू राइन, जमील पेंटर, ऐजू टपिया, सुल्तान, सलमान बाबा, जावेद रॉयल, अली, हमजा, इज़हान खान मौजूद थे। संचालन फाउण्डेशन के अध्यक्ष साजिद रॉयल ने किया।

# अहिल्या समिति ने शुरू किया भगवान इंद्रेश्वर का रुद्राभिषेक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री अहिल्या उत्सव समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अशोक डागा एवं सचिव सरयू वाघमारे ने बताया कि इन्दौर में अच्छी बारिश को लेकर आज भगवान इंद्रेश्वर महादेव का रुद्रा अभिषेक मंदिर में किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इन दिनों इन्दौर में बरसात की कमी दिखाई दे रही है और जब-



जब इंद्रेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक होता है तब बारिश ठीक होती है। नितिन तापडिया ने बताया कि इन्दौर के कई लोगों ने पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ताई से भगवान इंद्रेश्वर महादेव के रुद्राभिषेक की चर्चा अच्छी बारिश के लिए की थी, उसी के बाद अहिल्या उत्सव समिति द्वारा यह रुद्राभिषेक कराया जा रहा है जो दोपहर तक चलेगा।



# रक्त देने वालों को विधायक और भाजपा नेता ने किया सम्मानित

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** देवी आहिल्या बंगाली हिन्दू समिति सराफा द्वारा कल स्वतंत्रता दिवस पर रक्तदान शिविर का बड़ा आयोजन किया। आयोजन में भाजपा नेता निर्मल वर्मा का भी सहयोग रहा। वर्मा के आग्रह पर विधायक मालिनी गौड़ भी आयोजन में पहुंची और रक्त देने वालों का सम्मान विधायक मालिनी गौड़ और भाजपा नेता निर्मल वर्मा घुंघरू एवं समिति के पदाधिकारियों ने किया।

# निहोरे ने दिल्ली में किया ध्वजारोहण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** दिल्ली में कांग्रेस कमेटी मुख्यालय अकबर रोड पर हुए ध्वजारोहण में इंदौर के राहुल निहोरे भी मौजूद रहे। इस दौरान विनोद पंवार, अजय माकन, कमलेश, सबिला सबनम,



हाशिम खान, विवेक रस्तोगी, आयशा, गजराज सिंह, राकेश करोटिया, सीतारमण, सोनिया आर्य, प्रमोद त्यागी, मनोज कुमार मौजूद थे।s

# मंगल मूर्ति नगर के गार्डन में वंदे मातरम और राष्ट्र गीत

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मंगल मूर्ति रहवासी संघ ने कल गार्डन में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण कर वंदे मातरम और राष्ट्र गीत का आयोजन किया। गीत-संगीत का आयोजन भी हुआ। श्रवण वर्मा, आशीष पाटीदार, पूजा खंडेलवाल, जयदीप मांजरेकर, हेमंत तोमर, बापूलाल पाटिल, राधेश्याम जिनवाल, संजय गोविंल, हरीश कपूर, विमल पटिल, विनित खण्डेलवाल, मांगीलाल कुर्मी, जगदीश बावनकर, संजय सक्सेना, चतुर्भुज रस्तोगी, डीपी राय, शिरिष जैन, मनीष



सोनी, राधेश्याम पाटीदार, राजेश कड़ावे, अनिल जागीड़, ललीता वर्मा, अनिता पाटीदार, निशा मांजरेकर, सोनाली तोमर, माया गोर, कुसुम मौर्य, उषा साधना, पटेल पाटीदार, ममतेश शर्मा, गीता व्यास, तारा चौहान, मीरा कड़ावे, सुनीता शर्मा, शारदा प्रीति, राजा पाटिल, कमलेश विष्ट, विनोद सोलंकी, कोमल लवकुमार वर्मा, प्रथमेश वर्मा, माधव जयशंकर, जीत, विष्णु, विवान वर्मा, शुभ पाटीदार मौजूद थे।

# कल नागपंचमी पर लगेगा मेला

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कुम्हारखाड़ी में कल नागपंचमी पर मेला आयोजित होगा। सुबह से मंदिर में नाग देवता का अभिषेक, पूजन होगा, शाम से मेला एवं दंगल भी आयोजित किया जाएगा। मंदिर में महाआरती भी होगी। उक्त जानकारी महेश कश्यप और रमेश पानवाला ने दी।

# निगम अधिकारी की संपत्ति पर बुलडोजर चलाने की कांग्रेस ने की मांग

**नेता प्रतिपक्ष ने कहा अधिकारियों के पास अकूत संपत्ति**

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

कांग्रेस ने इंदौर नगर निगम के अधिकारी की आय के अनुपात से ज्यादा मिली संपत्ति पर बुलडोजर चलाने की मांग की है। कांग्रेस का कहना है कि इंदौर के अधिकारियों के पास अकूत संपत्ति है।

नगर निगम नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट ने कहा कि भ्रष्टाचार करने वाले ऐसे लोग माफिया से भी बड़े हैं, क्योंकि ये सिस्टम के भीतर रहकर धोखा दे रहे हैं। इनके खिलाफ भी उसी तरह कार्रवाई होनी चाहिए, जैसे अराजकता फैलाने वालों पर की जाती है। इंदौर नगर निगम की स्थिति खराब है। ऐसे में अधिकारियों और सहायक अधिकारियों की भ्रष्टाचार में संलिप्तता सामने आती है तो तकलीफ होना स्वाभाविक है।

लोकायुक्त पुलिस के द्वारा शुक्रवार को इंदौर नगर निगम के सहायक राजस्व अधिकारी जितेंद्र पांडे के निवास पर छापा मारा गया था। इस छापे में उनके पास आय के अनुपात से ज्यादा संपत्ति पाई गई। अवैध कॉलोनी में मकान और उसमें हॉस्टल का संचालन भी पाया गया। नगर निगम के द्वारा एक आदेश जारी कर पांडे को निलंबित कर दिया गया है। इस मामले में मिमरोट ने कहा कि ऐसे अधिकारियों को केवल निलंबित करना पर्याप्त नहीं है। उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए और उन्हें जेल भेजा जाना चाहिए। भ्रष्टाचार से अर्जित उनकी संपत्तियों पर बुलडोजर चलना चाहिए।

उन्होंने आरोप लगाया कि इंदौर में भ्रष्टाचार चरम पर है और इसने शहर को दीमक की तरह चाट लिया है। उन्होंने कहा कि शहर के लोग टैक्स भरते हैं और जागरूक हैं। अधिकारियों के भ्रष्टाचार के कारण नगर निगम की ऐसी स्थिति नहीं होनी चाहिए। इंदौर के अधिकारियों के घरों पर यदि छापा मार कार्रवाई की जाए तो उनकी सारी अवैध संपत्ति उजागर होकर सामने आ जाएगी। जरूरी है कि राज्य सरकार इन सभी अधिकारियों की संपत्ति की जांच करवाएं।

# 75 साल पुराने मल्हारगंज थाना में अंतिम बार हुआ ध्वजारोहण

**जल्द ही मेट्रो के कारण टूटेगा थाना, जिंसी में होगा शिफ्ट**

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पुराने इन्दौर में इमारतों के तो अपने किस्से बने हुए है वहीं पुलिस थाना भी पुराना होने के कारण क्षेत्रीय रहवासियों से जुड़ाव रखता है। मल्हारगंज



पुलिस थाना में अंदर शिव मंदिर भी बना हुआ है, जहां आसपास के कई रहवासी दर्शन के लिए जाते है। मेट्रो के कारण अब यह थाना जल्द ही टूटेगा और जिंसी में शिफ्ट होगा, इससे पहले कल स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इस थाना परिसर में अंतिम बार ध्वजारोहण किया गया। क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों ने बताया कि मल्हारगंज थाना 1950 में स्थापित किया गया था। तब यहां पतरों से कच्चा भवन बना था जो बाद में पक्का भवन बना। उस समय खजूरी बाजार से ही यह थाना स्पष्ट नजर आता था। रात में धीमी रोशनी वाला एक बल्ब भी दूर से जलता हुआ नजर आता था। शुरू से ही 15 अगस्त और 26 जनवरी को थाना परिसर में झंडावंदन किया जाता है। क्षेत्रीय रहवासी भी इस झंडावंदन में मौजूद रहते है। कल जब यहां स्वतंत्रता दिवस अवसर पर झंडावंदन किया गया तो लोगों ने कहा कि अगले स्वतंत्रता दिवस तक तो थाना यहां से शिफ्ट हो जाएगा। रहवासियों ने याद किया कि थाना के ऊपर सायरन भी लगा था जो राष्ट्रीय त्योहारों पर बजाया जाता था।



# पार्षद के भावी उम्मीदवार ने किया ध्वजारोहण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सांवेर विधानसभा के शहर क्षेत्र वार्ड 35 के देवासाका एसआर कम्पाउण्ड में ध्वजारोहण का आयोजन किया। देश भक्ति के गीतों के बाद उद्यान में पौधारोपण भी किया गया। पार्षद के भावी उम्मीदवार राजा टोनेरे आयोजन से जुड़े रहे।

# विधायक प्रतिनिधि दिखाएंगे मंत्री को स्कूलों की खराब स्थिति का आईना

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सांवेर विधानसभा क्षेत्र के शासकीय स्कूलों की व्यवस्था का विधायक प्रतिनिधि राजू ठाकुर ने जायजा लिया। उन्होने भंवरासला, रेवती, बरदरी के शासकीय स्कूलों का निरीक्षण किया जहां कई समस्याएं बच्चों ने उन्हें बताई। वहीं स्कूलों के हालात भी खराब स्थिति में मिले। स्कूल भवन जर्जर






हो गए, वहीं खिडकियों के कांच भी टूटे नजर आए। विधायक प्रतिनिधि अब मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक तुलसीराम सिलावट को शासकीय स्कूलों की स्थिति बताएंगे। इधर ठाकुर जब निरीक्षण करने पहुंचे तो कुछ लोगों ने यह भी कहा कि अभी भी प्रतिनिधि ही आए है, विधायक कब आएंगे।

# स्कूल में बंटे लड्डूओं में निकले कीड़े





**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कल स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्कूलों में मिठाई का वितरण किया गया।

**खजराना स्थित दुकान और गोदाम को खाद्य विभाग ने किया सील**






सोन गुराडिया में स्कूल और ग्राम पंचायत में लड्डू वितरण किए गए। इसके लिए खजराना गणेश मंदिर के दुकानदार योगेश शर्मा की प्रसाद पाइंट दुकान पर आर्डर दिया था। कल जब उन्होने लड्डू भेजे तो उसमें कीड़े होने की शिकायत बच्चों ने की। जिसके बाद मामले की जानकारी खाद्य विभाग को मिली तो वह सक्रिय हुआ तुरन्त विभाग ने योगेश शर्मा की प्रसाद पाइंट पर पहुंचकर सेम्पल लिए और गोदाम एवं दुकान को सील भी कर दिया।


भव्य आयोजन
माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के कर-कमलों द्वारा
श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की
25 फीट ऊँची प्रतिमा का
भूमिपूजन
एवं
अटल पथ
अन्नपूर्णा से सुदामा नगर लिंक रोड
का लोकार्पण
समय : दोपहर 3:00 बजे
स्थान : सुदामा नगर,बैंक कॉलोनी,
विश्वकर्मा नगर लिंक रोड, इंदौर
16 अगस्त 2026
रविवार
14 डी
चिड़ियाघर का
लोकार्पण
• दिलीप खन्ना मित्र मंडल •








## कसेरा बाजार स्कूल में ध्वजारोहण और सांस्कृतिक प्रस्तुति

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री कसेरा बाजार विद्या निकेतन स्कूल स्कीम नं. 71 में ध्वाजरोहण कार्यक्रम हुआ। मंच से विद्यार्थियों ने देश भक्ति पर उद्‌बोधन भी दिए और देश भक्ति पर ही आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी। महेश मूंगड़, शिव गर्ग, कन्हैयालाल साधवानी, सुभाष गोयल, प्रकाश कुकरेजा, राजेश मित्तल लाला, सतीश गोयल, नरेन्द्र मेहता, मनोहर भूतड़ा, हीरालाल रहेजा, राकेश मेहता, सुरेश जाजू, विजय शादिजा, जीवन परियानी, प्रीतेश भूतड़ा, प्रहलाद वर्मा पप्पू, राज अग्रवाल, रामू अग्रवाल, विजय गट्टानी, नीरज नीमा, प्राचार्य वर्षा झंवर, उपप्राचार्य नेहा श्रीधर, इंचार्ज परबजीत, मोनिका मंत्री, रिद्धि शर्मा, हिमानी शर्मा, चेतना होलकर, कमलेश जैन सहित अन्य मौजूद थे।



## सर्वोदय स्कूल में ध्वज वंदन

### विद्यार्थियों ने दी देश भक्ति पर प्रस्तुति

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सर्वोदय बाल विनय मंदिर स्कूल सदर बाजार में कल स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने हिन्दी-इंग्लिश में देशभक्ति पर उद्‌बोधन दिए और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। महेश मूंगड़, संगीता मूंगड़, मुकेश सारडा, प्राचार्य सोनाली दुबे, अध्यापक एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

## अग्रमंच और वैश्य संगठन ने मनाया तीज उत्सव



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** वैश्य महिला महासंगठन मध्य प्रदेश एवं संस्था अग्रमंच द्वारा सिंजारा तीज उत्सव का आयोजन होटल में किया। दीपिका-आशीष गोयल, उषा बंसल, मुक्ति अग्रवाल, किरण मुरारका, अंजू अग्रवाल, डा तरु गुप्ता, सुनिता कंदोई,हंसा अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थी।



## स्वतंत्रता सेनानी बनकर पहुंचे मासूम

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विमानतल मार्ग के सोमानी नगर स्थित नर्चर मोंटेसरी में स्वंतत्रता दिवस के अवसर पर मासूम विद्यार्थी स्वतंत्रता सेनानी बनकर पहुंचे। संचालक प्रियल अग्रवाल ने बताया कि बच्चे अलग-अलग महापुरुषों के रूप में आए और नारे भी लगाए।

## माहेश्वरी युवाओं ने दिखाई देश भक्ति

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इन्दौर जिला माहेश्वरी युवा संगठन अध्यक्ष राम सोमानी ने बताया कि समाज कार्यालय पर ध्वजारोहण कार्यक्रम युवा संगठन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक इनानी के आतिथ्य में किया गया। अजय सारडा, पुष्प माहेश्वरी, मधुसूदन भलिका, रूपेश भूतड़ा, केदार हेड़ा, गोविंद बियानी, महेश लड्ढा, मनोज कुइया, रजत बेड़िया, चेतन बियानी, राजकुमार साबू, मीनाक्षी नवाल सहित अन्य मौजूद थे।



## इनानी का किया स्वागत



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** युवा संगठन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और महासभा के संगठन मंत्री रहे अशोक इनानी का कल अवतरण दिवस पर सम्मान का आयोजन बिजासन क्षेत्र माहेश्वरी समाज ने किया। महेश राठी गुड्डा, कालू सारडा, मुकेश सारडा, बलदेव जाजू, घनश्याम काकाणी मधुसूदन भलिका, राम हूरकट, राजू सोनी, अशोक जाजू, नन्दकिशोर बंग, नवनीत सोनी, महेश जाजू, केके राठी सहित अन्य मौजूद थे।

## अग्रबंधुओं की मथुरा-वृंदावन यात्रा



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** रेलवे स्टेशन से अग्रबंधुओं का जत्था मथुरा वृंदावन धार्मिक यात्रा के लिए रवाना हुआ। विदाई देने भी अग्रवाल समाजजन पहुंचे। कल बरसाना दर्शन के बाद वृंदावन में इस्कॉन मंदिर, प्रेम मंदिर एवं वैष्णो देवी मंदिर के दर्शन किए। आज अग्रवाल समाजजन गिरिराज भगवान की परिक्रमा कर रहे है। डीजे की गाडी साथ में है, कीर्तन पर नृत्य भी किया जा रहा है। राजेश बंसल पंप, संजय तोड़ीवाला, राजेन्द्र अग्रवाल, गौतम मोदी, नितिन सिंघल, मनीष गोयल सहित अन्य अपनी भूमिका निभा रहे है।



## माहेश्वरी संगम ग्रुप का आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** माहेश्वरी संगम ग्रुप ने कल स्वतंत्रता दिवस पर गार्डन में ध्वजारोहण किया। देश भक्ति पर सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी। श्रीमोहन नीता सोमानी, जगदीश बाहेती, टीना झंवर, संतोष अनिता साबू, रमेश शकुंतला चितलांग्या, शरद सरला साबू, जयकिशन मनीषा डागा, गोपीकिशन बृजलता काकाणी, दिनेश मधुबाला लखोटिया, गोपाल कृष्ण राठी, श्याम संतोष भांगड़िया, प्रदीप सीमा जाखेटिया, भगवानदास निशा बूब, घनश्यामदास संगीता माहेश्वरी, डॉ. महेश संगीता सोमानी, पारस पुष्पा बाहेती, विष्णु शारदा मानधान्या, रवि बबीता बल्दवा मौजूद थे।

## बिजासन क्षेत्र माहेश्वरी समाज का ध्वजारोहण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** बिजासन क्षेत्र माहेश्वरी समाज के ध्वजारोहण में क्षेत्र के माहेश्वरी समाजजनों के अलावा मुख्य समाज के पदाधिकारी और प्रादेशिक इकाई के पदाधिकारी भी पहुंचे और नव निर्वाचित पदाधिकारियों के सम्मान का आयोजन भी किया गया। अध्यक्ष महेश राठी गुड्डा ने बताया कि इस अवसर पर प्रकाश अजमेरा, महेश राठी गुड्डा, नवनीत सोनी, नन्दकिशोर बंग, मुकेश सारडा, राधेश्याम सारडा, अशोक जाजू, रजत बेड़िया, राम हूरकट, नीलेश भूतड़ा, महेश लड्ढा, दीपक कुइया, संजय काबरा, उमेश समदानी, राजेश मूंदड़ा, महेश जाजू, बलदेव जाजू, संजय मालानी, केदार हेड़ा, सुरेश बंग, सुरेश मंत्री, राधेश्याम काबरा, प्रहलाद सोनी, राजू सोनी, गिरिश राठी, सुभाष राठी एवं क्षेत्र के गणमान्य मौजूद रहे।



## सिंधी बर्तन पंचायत का अखंड पाठ साहिब जारी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पूज्य श्री सिंधी बर्तन पंचायत बर्तन बाजार के पदाधिकारी और सदस्यों द्वारा अखंड पाठ साहिब का आयोजन श्री गुरु अंगददेव साहिब गुरुद्वारा पलसीकर कॉलोनी में किया जा रहा है। 14 अगस्त को पाठ साहब प्रारम्भ हुआ और कल भी पाठ साहब जारी रहा। अखंड पाठ साहिब का समापन और भोग का आयोजन आज किया जा रहा है।

# जैन संत ने दिया राष्ट्र के नाम संदेश

## तिरंगा यात्रा भी निकाली गई





इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आचार्य श्री 108 सुनीलसागर म.सा. और संघ के साथ जैन समाजजनों की बड़ी मौजदगी में रामाशाह मंदिर से राजवाड़ा तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। राजवाड़ा पर ध्वजारोहण, राष्ट्रगान एवं मंगलाचरण के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। आचार्य को जिनवाणी भेंट की गई। आचार्यश्री ने राजबाडा पर राष्ट्र के नाम संदेश में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रधर्म और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया। आचार्य श्री ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के इस पावन अवसर पर प्रकृति भी मानो हर्षित है और रिमझिम वर्षा के माध्यम से अपनी प्रसन्नता व्यक्त कर रही है। उन्होंने कहा कि 'आजादी का यह ताज बड़े तप से भारत ने पाया है, इसके लिए देश ने अनेक वीरों को खोया है।' आज हम स्वतंत्र देश की खुली हवा में सांस ले रहे हैं, इसलिए इस स्वतंत्रता के महत्व को समझना और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना आवश्यक है। महावीर जैन, नकुल पाटोदी, पवन जैन पूर्व पार्षद, जयदीप जैन, पंकज जैन, इंद्रकुमार-वीणा सेठी, जैनेश झांझरी, सुरेन्द्र जैन बाकलीवाल, वीरेन्द्र बड़जात्या, डी.के. जैन, जितेन्द्र जैन, नीलेश सेठी, संदीप पहाड़िया, सुनील गोधा, पवन पाटोदी, दीपक पाटनी, मनोज काला, अशोक बड़जात्या, मनीष-सपना गोधा मौजूद थे।



## मंत्री और अधिकारियों ने किया बच्चों के साथ भोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। कल स्वतंत्रता दिवस पर मुख्य कार्यक्रम होने के बाद मंत्री तुलसीराम सिलावट, कलेक्टर शिवम वर्मा, निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल,रीना सतीश मालवीय, अधिकारी राजेश कुमार सिंह, हिमांशु प्रजापति, नवजीवन, विजय पंवार, नंदकिशोर पहाडिया, कान्हा पटेल सहित अन्य ने मौजूद रहकर शासकीय स्कूल किला मैदान के विद्यार्थियों के साथ मध्यान्ह भोजन किया।



## देशभक्ति की जगाई आटो चालकों ने अलख

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। कल स्वतंत्रता दिवस पर धर्म जागरण रक्षा समिति, भगवा ऑटो रिक्शा चालक संघ, भगवा वाहन साथी ऐप एवं बजरंग सेना के संयुक्त तत्वाधान में फूटी कोठी चौराहा पर ध्वजा रोहण का आयोजन किया गया। वीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आयोजन में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, पवनदास महाराज, डॉ. मालासिंह ठाकुर, कमलेश वाजपेयी, कमल रामायणी, रुकमसिंह सैनी, गजेन्द्र सिसौदिया, अमित जैन, ओमप्रकाश फरकिया, किशोर चौधरी, रेणु सिसौदिया, निशा त्रिपाठी, राजेश शुक्ला, देवेन्द्र रावत, ज्योति तोमर, जगदीश सोलंकी, नितिन पांडे, राजू सोलंकी, ज्योति पण्डित सहित अन्य मौजूद थे।

# ग्रीन पार्क में पौधारोपण और इस्तकबाल कार्यक्रम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

कल स्वतंत्रता दिवस पर ग्राम पंचायत बांक स्थित 'ग्रीन पार्क कॉलोनी गार्डन' में भव्य स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। ध्वजारोहण के बाद शहरकाजी डॉ.इशरत अली ने फीता काटकर गार्डन का उद्घाटन किया और हरी झंडी दिखाकर चेंबर क्लीनिंग मशीन सेवा की शुरुआत की। सरफराज अंसारी, शादाब पटेल, आदिल सईद ने बताया कि पौधों का वितरण भी किया गया। सिलाई मशीन का वितरण भी हुआ। बुजुर्गो को साफा पहनाकर इस्तकबाल किया गया। नौशाद अली, हसर खान, वाहिद खान, जावेद खान, सैयद जाफर अली, इसरार खान, सादिक खान, शकील खान, बबलू, हुजेफा, भूरू, मुस्तकीम खान, नसर, इशाक, वाहिद, जमील, रमजान, समीर सहित संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। वसीम राजावत, सद्दाम राजावत, जाकिर हुसैन, इलियास खान, कल्लू की सक्रिय भूमिका रही।





## पूर्व सैनिकों का सम्मान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। वर्ल्ड हिन्दू फेडरेशन द्वारा 'एक शाम राष्ट्र के नाम' कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया। विधायक मधु वर्मा, संजय अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।



## मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की देशभक्ति

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय नई अनाज मंडी मालवा मिल चौराहा के पास पार्टी सदस्य एवं हमदर्द साथियों की बैठक एवं स्वतंत्रता दिवस पर पार्टी कार्यालय पर झंडा फहराया गया।



## अग्रसेन महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री अग्रसेन दरबार द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर अग्रसेन चौराहे पर झंडा वंदन कर अग्रसेन महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पार्षद मृदुल अग्रवाल, रजत गर्ग, रानू अग्रवाल, बबलू मित्तल, नीतेश अग्रवाल, सचिन अग्रवाल,आनंद अग्रवाल, रितेश गोयल, मनीष जिंदल,गौरव अग्रवाल, प्रतीक गुप्ता मौजूद थे।



## समाजवादियों ने किया झंडावंदन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। समाजवादी पार्टी ने पार्टी कार्यालय पर रामबाबू अग्रवाल, बटेश्वर नाथसिंह, भगवानसिंह यादव, मोहम्मद अली सिद्दीकी, मनोज हार्डिया, लालू यादव, जीके यादव, अमन यादव, पवन यादव, बाबू वाधवानी ने झंडावंदन किया।

## अभिभावकों का सम्मान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इंदौर अभिभाषक संघ द्वारा कई बरिष्ठ अभिभाषको का सम्मान किया गया। दिलीप राजपाल ने उक्त जानकारी दी।





## तिवारी का सम्मान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इंदौर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अरविंद तिवारी का निगम की ओर से श्रेष्ठ कार्य पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सम्मान किया।

## विश्वनाथ धाम में ध्वजारोहण



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री भारतीय संस्कृति शिक्षा संस्थान विश्वनाथ धाम सांवेर रोड पर स्वंत्रता दिवस अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। स्वप्निल कोठारी, सुभाष गोयल, मुकेश कचोलिया, धीरेन पटेल, खुशबू झा, सुनीता पासवान एवं विद्यार्थी और अध्यापक मौजूद थे।



## कांग्रेस नेता ने लहराया ध्वज

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। वार्ड क्रमांक 70 के लाबरिया भेरू में झंडा वंदन कार्यक्रम किया गया। कांग्रेस नेता मोहन चौहान के अयोजन में रहवासी मौजूद रहे।

## सुन्नी अइम्मा कौंसिल ने कराया 160 जगह ध्वजारोहण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। संस्था सुन्नी अइम्मा कौंसिल ने 160 से अधिक जगह पर कल तिरंगा फहराने का आयोजन किया। मुस्लिम समाज से जुड़े इमाम, कमेटी सदस्य, बुजुर्ग, युवा और बच्चे भी शामिल हुए। झंडावंदन करते हुए कड़ाबीन मस्जिद के इमाम अफजाल साहब, अच्छे पहलवान, अयाज पहलवान, परवेज पहलवान, निसार खान, डॉ. नौशाद खान, साजिद खान, अफसर खान, फरीद खान, अय्यूब खान, रफीक खान, मोहसिन खान, मौजूद थे।



## वेलफेयर कमेटी का आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सर्व वेलफेयर कमेटी ने खजराना और राजवाड़ा पर कल स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण किया। अनीस कादरी ने उक्त जानकारी दी।





इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। खजराना स्थित अहमद नगर में जामिया फातिमा मदरसा में भी आजादी का जश्न मना। उक्त जानकारी शाहिद नूरी ने दी।

## संपादकीय

# नालसार के छात्रों की असहमति पर रोक, अभिव्यक्ति के अधिकार पर फिर सवाल

नेशनल एकेडमी ऑफ लीगल स्टडीज एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, यानी नालसार में कुछ विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किए जाने का विरोध किया था। इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि कुछ विद्यार्थियों के सिर्फ असहमति जताने या विरोध जाहिर करने की वजह से उनके समूचे समूह की पढ़ाई के आगे के रास्ते को बंद करने का फरमान जारी कर दिया जाए और इस तरह उनके भविष्य को बाधित करने की कोशिश की जाए। हैरानी की बात यह है कि ऐसा फरमान जारी करने वाली संस्था संविधान के दायरे में रह कर काम करने का दावा करती है और महज इस बात के लिए आहत हो जाती है कि कुछ विद्यार्थियों ने एक मुद्दे पर लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध जाहिर किया! गौरतलब है कि नेशनल एकेडमी ऑफ लीगल स्टडीज एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, यानी नालसार में कुछ विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किए जाने का विरोध किया था। सिर्फ इस बात के लिए बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष की ओर से एक विचित्र आदेश जारी कर दिया गया, जिसके तहत 2026 में नालसार से स्नातक किए हुए सभी विद्यार्थियों को अगले आदेश तक देश भर के बार काउंसिलों में अधिवक्ता के रूप में नामांकन लिए जाने पर रोक लगा दी गई। यह अपने आप एक ऐसा फैसला था, जिसे लोकतंत्र और संविधान के तहत मिले अधिकारों पर चोट के तौर पर देखा गया। स्वाभाविक ही बार काउंसिल के इस रुख की तीखी आलोचना हुई। यहां तक कि खुद सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश ने भी विद्यार्थियों के विरोध को उनकी लोकतांत्रिक असहमति और अभिव्यक्ति के अधिकार की दृष्टि से ही देखा और बार काउंसिल के फैसले पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। चारों ओर से उठे सवालों के बाद बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष ने अपने फरमान को वापस ले लिया, लेकिन इससे एक बार फिर यह सवाल उठा है कि असहमति और विरोध के लोकतांत्रिक अधिकारों को बाधित करने से देश में लोकतंत्र की कैसी तस्वीर तैयार होगी। अगर कुछ विद्यार्थी कानून के दायरे में रहते हुए किसी मुद्दे पर शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध जताते हैं, तो उनके भविष्य को बाधित करने की धमकी देकर उन्हें चुप कराने की कोशिश क्या बेवजह की दखलअंदाजी नहीं है? बार काउंसिल ऑफ इंडिया देश में वकीलों के पेशे को विनियमित करने वाली शीर्ष संस्था है। मगर अपने अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए कानून के ही विद्यार्थियों के अभिव्यक्ति के अधिकार को चोट पहुंचाने की कोशिश के जरिए उसने क्या हासिल किया? विद्यार्थियों की ओर से विरोध का कारण कोई भी हो सकता है, लेकिन अगर कानून के दायरे में रह कर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी असहमति जाहिर की जाती है, तो इसका समाधान संवाद के जरिए निकाला जाएगा या धमकी देकर उन्हें चुप कराने की कोशिश की जाएगी? बार काउंसिल के अध्यक्ष के लिए इससे असहज स्थिति क्या हो सकती है कि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश के विरोध की वजह से अपना कठोर फरमान जारी कर दिया था और प्रधान न्यायाधीश ने खुद विद्यार्थियों के विरोध को उनका लोकतांत्रिक अधिकार माना!

# बाइक का टल्ला लगने पर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

## दोनों तरफ से चले चाकू, पुलिस ने दर्ज किया क्रॉस केस

**इंदौर।** महू थाना क्षेत्र में बाइक से मामूली टल्ला लगने की बात पर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से चाकूबाजी हो गई, जिसमें दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं। महू थाना पुलिस ने दोनों पक्षों के फरियादियों की शिकायत पर क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रथम पक्ष से फरियादी मोईन पिता मोहम्मद बसीर खान निवासी बंडा बस्ती, महू की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी आरिश पिता सरदार मंसूरी निवासी चंदन नगर शाहिद, शाहरुख और समीर निवासी विजय पैलेस के खिलाफ मामला दर्ज किया है। फरियादी मोईन ने पुलिस को बताया कि बबला चिकन होटल के सामने नीम गली में बाइक से टल्ला लगने की बात को लेकर आरोपियों ने अकारण गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। जाते-जाते आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। वहीं दूसरे पक्ष से फरियादी आरिश पिता सरदार मंसूरी निवासी चंदन नगर की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी मोईन खान पिता मोहम्मद बसीर खान, आमीन पिता असलम दोनों निवासी बंडा बस्ती, महू व उनके अन्य साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। फरियादी आरिश ने पुलिस को बताया कि नीम गली में बाइक से टल्ला लगने की बात को लेकर मोईन और उसके साथियों ने उसके तथा उसके दोस्त के साथ गालियां देकर विवाद किया और चाकू से हमला कर चोटें पहुंचाईं। महू थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

# मुखबिरी के संदेह में युवक पर हमला

## गाली-गलौज कर डंडे से पीटा, केस दर्ज

**इंदौर।** आजाद नगर थाना क्षेत्र में रास्ते में जा रहे एक युवक को रोककर आरोपी ने पुलिस में मुखबिरी करने का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज की और विरोध करने पर डंडे से हमला कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर आजाद नगर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, पिपल्याहाना निवासी फरियादी अनिल पिता भगवान कनौजे ने थाने में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि वह मूसाखेड़ी से पैदल अपने घर पिपल्याहाना की तरफ जा रहा था। जैसे ही वह साईं मंदिर के पास पहुंचा, तभी सामने से गोयल नगर पिपल्याहाना निवासी आरोपी अजय कोचले आ गया। आरोपी ने अनिल को देखते ही रोक लिया और थाने पर पुलिस की मुखबिरी करने का आरोप लगाते हुए अकारण गाली-गलौज करने लगा। जब अनिल ने गाली-गलौज करने से मना किया और विरोध जताया, तो आरोपी अजय कोचले ने गुस्से में आकर डंडा उठा लिया और अनिल पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में पीड़ित को चोटें आईं।

# मोबाइल दुकान का ताला तोड़कर चोरी

**इंदौर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में गड़बड़ी पुल के पास एक मोबाइल रिपेयरिंग शॉप को अज्ञात बदमाशों ने निशाना बनाया। चोर दुकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और रिपेयरिंग के लिए आए मोबाइल, लैपटॉप और अन्य एसेसरीज सहित लगभग 59 हजार रुपये का माल समेटकर रफूचक्कर हो गए। पीड़ित व्यापारी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, आजाद नगर निवासी फरियादी अफजल पिता युसुफ खान ने राजेंद्र नगर थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि गड़बड़ी पुल के पास स्थित शिव स्क्वेयर की दुकान नंबर 13 में उनकी मोबाइल रिपेयरिंग और एसेसरीज की दुकान है। अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और वहां रखे कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोर दुकान से रिपेयरिंग के लिए आए कुल 5 मोबाइल फोन, लेनोवो कंपनी का एक लैपटॉप, मोबाइल एसेसरीज, ग्लास गार्ड, एक एलसीडी स्क्रीन और दुकान में लगा डीवीआर चोरी कर ले गए। चोरी गए कुल मश्रूका की कीमत करीब 50 हजार रुपये बताई जा रही है। सुबह जब मालिक पहुंचे तो ताला टूटा देख चोरी का पता चला। राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# सोयाबीन फैक्ट्री के टॉवर से गिरे गार्ड की इंदौर में मौत

**इंदौर।** पीथमपुर के बगदून स्थित सोयाबीन फैक्ट्री के सिक्योरिटी गार्ड की इलाज के दौरान इंदौर में मौत हो गई। गार्ड करीब 6 दिन पहले फैक्ट्री में बने टावर से नीचे गिर गए थे। पुलिस के मुताबिक, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी (इंडोरामा) निवासी विजय राय (60) बीती 10 अगस्त की रात ड्यूटी के दौरान टॉवर पर रखे तुलसी के पौधे को दूसरी जगह रख रहे थे। इसी दौरान पैर फिसलने से वे ऊंचाई से नीचे आ गिरे। हादसे में गंभीर रूप से घायल गार्ड को परिजन पहले निजी अस्पताल ले गए, जहां से हालत बिगड़ने पर इंदौर रेफर किया गया था। बीती रात इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। एरोड्रम थाना पुलिस ने जीरो पर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# दो साल पुराने एक्सीडेंट की बात पर विवाद

## बदमाशों ने युवक को पीटा, स्कूटी में की तोड़फोड़

**इंदौर।** महू थाना क्षेत्र में किशनगंज रेलवे ब्रिज के पास दो साल पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। एक्सीडेंट के पुराने विवाद की बात को लेकर तीन बदमाशों ने एक युवक को रोक लिया और उसके साथ बेवजह गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। आरोपियों ने युवक की स्कूटी में भी जमकर तोड़फोड़ की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, सिमरोल रोड निवासी फरियादी तरुण पिता राजेश कनोजिया ने महू थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि वह किशनगंज रेलवे ब्रिज के पास स्थित महाकाल कैफे के समीप मौजूद था, तभी आरोपी सौरभ कैथवास निवासी टेलीफोन नगर, किशनगंज अपने साथी मोंटी और देव दोनों निवासी लूनियापुरा के साथ वहां आ पहुंचा। आरोपियों ने तरुण को रोक लिया और करीब दो साल पहले हुए गाड़ी के एक्सीडेंट की बात को लेकर विवाद शुरू कर दिया। पीड़ित ने जब बातचीत से मामला सुलझाने का प्रयास किया, तो आरोपी आक्रोशित हो गए और गालियां देने लगे। विरोध करने पर तीनों आरोपियों ने मिलकर तरुण के साथ मारपीट की। इसके बाद बदमाशों ने पीड़ित की स्कूटी में तोड़फोड़ कर उसे काफी नुकसान पहुंचाया और जाते-जाते दोबारा दिखने पर जान से मारने की धमकी दी।

# किराए के मकान की खिड़की से हाथ डालकर खोला दरवाजा

## अलमारी का लॉकर तोड़ नकदी उड़ा ले गए चोर

**इंदौर।** हीरानगर थाना क्षेत्र के श्याम नगर में चोरी की एक अनोखी वारदात सामने आई है। मकान मालिक द्वारा किचन की खिड़की न लगवाए जाने का फायदा उठाते हुए अज्ञात बदमाश खिड़की की जाली से हाथ डालकर अंदर का दरवाजा खोल कमरे में घुस गया। चोर ने अलमारी के दराज से चाबी निकालकर लॉकर का ताला तोड़ा और उसमें रखी पूरी नकदी समेटकर फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, श्याम नगर निवासी फरियादी अभिषेक पिता राजेश हजारी ने हीरानगर थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि वह श्याम नगर में किराए के मकान में रहता है। किचन में खिड़की नहीं लगी होने के कारण उसके बगल में स्थित दरवाजे की चटकनी बाहर से ही पहुंच में थी। अज्ञात बदमाश ने देर रात किचन की खिड़की से हाथ डालकर दरवाजे की चिटकनी खोल ली और सीधे कमरे के अंदर प्रवेश कर गया। कमरे में घुसकर बदमाश ने वहां रखी अलमारी को खोला और दराज में रखी चाबी से लॉकर का लॉक तोड़ दिया। इसके बाद आरोपी लॉकर में रखी पूरी नकदी राशि निकालकर रफूचक्कर हो गया।

# क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर 89 हजार की ठगी

**इंदौर।** द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का नया मामला सामने आया है। शातिर जालसाज ने खुद को बैंक प्रतिनिधि बताकर क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा दिया और पीड़ित के खाते से करीब 89 हजार 906 रुपये पार कर दिए। पीड़ित की शिकायत पर द्वारकापुरी थाना पुलिस ने मोबाइल नंबर के धारक के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, द्वारकापुरी निवासी फरियादी कैलाश चंद्र पिता नानूराम ने थाने में ऑनलाइन फ्रॉड की शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि उनके पास मोबाइल नंबर 9827160780 से एक फोन आया था। कॉलर ने खुद को एक्सिस बैंक का प्रतिनिधि बताते हुए उनके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का ऑफर दिया। झांसे में लेकर आरोपी ने पीड़ित से उनके कार्ड और ओटीपी से जुड़ी प्रक्रिया पूरी करवाई। इसके तुरंत बाद पीड़ित के खाते से 69 हजार 907 रुपये और 19 हजार 999 रुपये के दो अलग-अलग ट्रांजेक्शन हो गए। इस तरह आरोपी ने कुल 89 हजार 906 रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी को अंजाम दिया। खाते से रुपये कटने का मैसेज मिलते ही पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। द्वारकापुरी थाना पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और नंबर को सर्विलांस पर लेकर साइबर सेल की मदद से आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## संत परमानन्दगिरि ने दी विद्यार्थियों को सामग्री



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। स्वामी परमानन्दगिरि महाराज ने अखंड परमधाम आश्रम पर शासकीय स्कूल के 140 विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री भेंट की। डॉ. पुनीता शादीजा ने एमडी में मिले गोल्ड मेडल को संत के चरणों में समर्पित किया। विजय शादीजा, तुलसी शादीजा, सोनम शादीजा, पवन गुलाब ठाकुर, जान्हवी पवन ठाकुर, डॉ. अनिता शर्मा, रूक्मणी नवीन, स्वप्निल श्रीवास्तव, देवेन्द्र चौहान, श्याम चौहान सहित अन्य मौजूद थे।

## खजराना क्षेत्र में ध्वजारोहण



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। खजराना क्षेत्र से जुड़े रामेश्वर चौहान ने बताया कि समाजजनों की मौजूदगी में झंडावंदन किया गया।

## ध्वजारोहण के बाद मिठाई वितरित



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। स्कीम नम्बर 114 पार्ट 2 के रहवासियों ने स्वतंत्रता दिवस अवसर पर ध्वजारोहण कर मिठाई का वितरण किया। सुनील मेहरा सहित अन्य मौजूद थे।

## ग्रेटर ब्रजेश्वरी केन्द्र पर आयोजन



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। योग मित्र मंडल के ग्रेटर ब्रजेश्वरी केंद्र पर स्वाधीनता दिवस पर तिरंगा यात्रा निकाली। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुई, ध्वजारोहण भी किया गया। शिवांगी शर्मा, पल्लवी जोशी, नीतू अरोड़ा, डॉ. तरु गुप्ता, हेमलता अजमेरा का योगदान रहा।

## गुलजार हुआ चौराहा



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। गुलजार चौराहा पर ध्वजारोहण का आयोजन किया। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने मेजर हमजा के नाम पर इंदौर के किसी चौराहा या मार्ग का नाम रखने की घोषणा की। जौहर मानपुरवाला, सुबूर अहमद, मजहर हुसैन बंदूकवाला, रिजवान उपस्थित थे।



## अधिवक्ताओं के बीच सांसद

### अपराध मुक्त इन्दौर को लेकर जनअभियान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। संस्था न्यायाश्रय द्वारा सामाजिक एवं विधिक जागरूकता की दिशा में अभियान 'अपराध मुक्त इंदौर का शुभारंभ समारोह जिला कोर्ट ऑडिटोरियम में आयोजित किया। अपराध मुक्त इन्दौर के सफल आयोजन को लेकर बड़ी संख्या में इस आयोजन से अधिवक्ता जुड़े। सांसद शंकर लालवानी भी अधिवक्ताओं के बीच मौजूद रहे और उन्होने अपराध मुक्त इन्दौर अभियान का शुभारम्भ किया। अधिवक्ता मनीष यादव, डॉ. पंकज वाधवानी ने अपनी भूमिका निभाई।



## कार कावड़ यात्रा रवाना

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आज हंसदास मठ से कार कावड़ यात्रा रवाना हुई। नशा मुक्ति का संकल्प भी पवनदास महाराज ने दिलाया।



## एकता संघ का आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। एकता संघ ने स्वतंत्रता दिवस पर प्रतिभा विला, विदुर नगर में ध्वजारोहण किया। राजेंद्र सिंह झाला, दीपक कावलकर, मुरलीधर राहुल मेटांगे, महेंद्र पंडित, प्रमोद थाटे, राहुल पाटीदार, योगेश गोफने, रवि वर्मा, चेतन खत्री, प्रेम वर्मा, विशाल गायकवाड़, भीमराव सरदार, प्रतिभा मेटांगे, माया झाला, मधु कावलकर, कीर्ति सिरोठिया, राधिका पाटीदार, नेहा वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## उर्वरक बिक्री बंद होने से किसानों में चिंता

इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। भारतीय किसान एवं मजदूर सेना के अध्यक्ष बबलू जाधव ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा 14 अगस्त को जारी आदेश के बाद प्रदेश में अनुदानित उर्वरकों की बिक्री आगामी आदेश तक बंद कर दी गई है। इससे खरीफ सीजन में किसानों के सामने खाद की उपलब्धता को लेकर चिंता बढ़ गई है। आईएफएमएस पोर्टल और वास्तविक उर्वरक स्टॉक का मिलान करना जरूरी है, लेकिन इसकी प्रक्रिया का खामियाजा किसानों को नहीं भुगतना चाहिए। सरकार स्टॉक मिलान की कार्रवाई युद्धस्तर पर पूरी कर बिना देरी के उर्वरक बिक्री बहाल करे।

## उर्दू स्कूल में सांस्कृतिक प्रस्तुति



इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। शासकीय उर्दू स्कूल चंदन नगर में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजा रोहण किया गया। देशभक्ति पर आधारित उदबोधन और सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति भी दी गई। साजिद अली, अर्जुमंद कुरैशी सहित अन्य मौजूद थे।

## अग्र मंच का राखी मेला शुरू

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। संस्था अग्र मंच की दीपिका आशीष गोयल ने बताया कि आज सपना-संगीता रोड स्थित पाटीदार भवन में वैश्य समाजजनों के लिए राखी मेला आयोजित किया जा रहा है। कई तरह के स्टॉल भी लगाए गए हैं। तम्बोला, लकी ड्रा के आयोजन भी है।

## कावड़ यात्रा शुरू

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधानसभा 1 के नगीन नगर से आज जलाभिषेक मातृशक्ति कावड़ यात्रा निकाली गई। यह कावड़ यात्रा दोपहर में श्रीराम मंदिर पंचकुइया पहुंचेगी यहां भगवान का अभिषेक किया जाएगा। राजेश चौहान ने उक्त जानकारी दी।

## रायपुरिया स्कूल में ध्वजारोहण



धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय रायपुरिया में स्वतंत्रता दिवस पर माँ सरस्वती का पूजन कर ध्वजारोहण किया गया। प्रभातफेरी भी निकाली, विद्यार्थियों को भोज भी करवाया। एसएस डाबर, उपसरपंच सुरेंद्रसिंह राठौड़, एस.एम.सी. अध्यक्ष पूजा मकवाना, रचना ठाकुर, अंतिम बाला मौर्य, कविता बड्कुया, सोनल गुप्ता, नानी देवी, दीपक कारपेंटर, संतु डाबर मौजूद थे।



## ट्रस्ट ने किया अधिवक्ताओं का सम्मान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री गीता रामेश्वरम ट्रस्ट के तत्वाधान में अधिवक्ता सम्मान समारोह आयोजन में अतिथि कारगिल युद्ध के वीर योद्धा 'कोबरा' दिगेंद्र सिंह थे। पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, कैप्टन सोहनसिंह, मदन परमालिया, विनोद पटेल, गणेश वर्मा, आफ़ताब आलम कुरैशी, संतोष यादव, नरेंद्र सुर्यवंशी, बंटी कुमरावत, विजय राठौर, विजय व्यास, सौरभ हार्डिया, सौरभ वर्मा, विकास यादव ने अपनी भूमिका निभाई।

## खाटू श्याम का सजा दरबार



इंदौर( सिटी ब्लास्ट )। खजराना गणेश मंदिर में खाटू श्याम बाबा का दरबार सजाया गया।सावन माह होने के कारण सुसज्जित झूले में श्याम बाबा का अलौकिक श्रृंगार किया गया। जयपुर की साक्षी अग्रवाल के भजनों पर श्रद्धालु झूमे। उक्त जानकारी आयोजक गोपाल गोयल,तुषार गोयल ने दी।

## विद्यार्थियों एवं समाजसेवियों का किया सम्मान



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सोनी फाउंडेशन ने उर्दू स्कूल मैदान रानीपुरा पर विद्यार्थियों, डॉक्टरों अधिवक्ताओं एवं समाजसेवियों का सम्मान किया। इस मौके पर रेहान सोनी, फेजान मुल्तानी ,अब्दुल रहमान सोनी, सोहेल अंसारी अशरफ अंसारी, मोइनुद्दिन अंसारी, शादाब नूर, फरहान अंसारी, रिजवान सोनी, फेजान सोनी मौजूद थे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, (राजस्व) भिचौली हप्सी क्षेत्र, जिला इन्दौर म.प्र.
क्र./643./री.एस.डी.ओ./2026 इन्दौर, दिनांक-13/08/2026
प्र.क्र.0043/अपील/2026-27

**सूचना पत्र**

1-कन्हैयालाल पिता लालजी 2-जगन्नाथ पिता लालजी 3-घनश्याम पिता लालजी 4-चन्द्रशेखर पिता रामचंद्र 5-कपिल पिता रामचंद्र 6-लोकेश्वरी पिता रामचंद्र 7-डाली पिता रामचंद्र- 8-उमराव पिता लालजी 9-पार्वतीबाई बेवा कैलाश 10-विजय पिता श्री स्व. कैलाश 11-अनिता पिता स्व. कैलाश 12-मायाबाई बेवा धन्नालाल 13-रोहित पिता धन्नालाल 14-रवि पिता धन्नालाल

**विषयः-इस न्यायालय में प्रचलित अपीलीय प्रकरण में उपस्थित होने बावत्।**

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक श्री संजय पिता स्व. बाबू व अन्य निवासी- ग्राम भिचौली हप्सी इंदौर म0प्र0 द्वारा इस न्यायालय में म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44 (1) अंतर्गत अपीलीय आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है जो कि प्रचलित होकर विचाराधीन है।

अतः आप उक्त प्रकरण में आगामी पेशी दिनांक 21/08/2026 को दोपहर 3:00 बजे प्रशासनिक संकुल, इन्दौर के कक्ष क्रमांक जी-07 में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। उपस्थित नहीं होने अथवा पक्ष प्रस्तुत नहीं करने की दशा में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

उक्त सूचना-पत्र, मेरे द्वारा आज दिनांक 13/08/2026 को हस्ताक्षरित होकर न्यायालयीन मुद्रा से जारी।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**अनुभाग भिचौली हप्सी, इन्दौर**

# हनुमानजी के परिसर में 51 फीट ऊंचा तिरंगा



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पितरेश्वर धाम पितृ पर्वत पर कल स्वतंत्रता दिवस पर 51 फीट ऊंचा तिरंगा लहराया गया। कल छुट्टी के दिन हजारों श्रद्धालु हनुमानजी के दर्शन करने पहुंचे तो बड़ा तिरंगा झंडा देखा और सैकड़ों लोगों ने बड़े तिरंगे झंडे को सेल्युट भी किया।



## हाईलिंक में स्वतंत्रता दिवस



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** हाई लिंक सिटी रहवासी और ज्ञान चबूतरा मित्र मंडल के धर्मेन्द्र गेंदर ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। धर्मचंद जैन, अशोक दौड़, दिनेश शर्मा, सुभाष बंसल, प्रमेंद्र जोशी, हेमंत मित्तल, रवि सेठिया, राजीव शर्मा, आशीष संघवी, पंकज गुप्ता सहित मातृशक्तियां भी मौजूद थी।



## तिरंगा यात्रा में मौजूद रहे जैन समाजजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आदिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर छत्रपति नगर से दलाल बाग़ तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। जैन समाजजनों की मौजूदगी में देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई।

## जैन समाजजनों ने दिखाई देशभक्ति



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** चिंतामणि पार्श्वनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर महावीर बाग, एरोड्रम रोड पर साध्वी सुभद्राश्रीजी म.सा.आदि साध्वी मंडल के सानिध्य में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण किया। सुरेश डोसी, निर्मल ठाकुरिया, धर्मेन्द्र मेहता, मनोहर सुराना, विकास कोचर, संदीप कांठेड, मालती चौपड़ा, आशा कोठारी, रीना कोचर, राजेन्द्र गांधी, दिनेश हुंडिया, परी गोलेछा, राजेन्द्र नागर, सतीश हुंडिया, निर्मल ठाकुरिया मौजूद थे।

## प्रेस क्लब में झंडावंदन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंदौर प्रेस क्लब में ध्वजारोहण का आयोजन हुआ। दीपक कर्दम, प्रदीप जोशी, संजय त्रिपाठी, अरविन्द तिवारी, रमण रावल, अभिषेक चेंडके, मुकेश तिवारी, अभय तिवारी, श्याम कामले, विजय भट्ट, नितिन जैन, अजीज खान, पूनम शर्मा, धर्मेंद्र यशलहा, सहित अन्य मौजूद थे।

## श्रद्धानंद आश्रम पर आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्रद्धानंद बाल आश्रम पर ध्वजारोहण कार्यक्रम में धीरज खंडेलवाल, रामेश्वर द्विवेदी, विजय प्रकाश गोयल, दिनेश गोयल, प्रभु मालवीय, राजेश खंडेलवाल, विपुल गोयल, मनोज त्रिवेदी, भारती शर्मा, आभा गोयल मौजूद थे।



## किंडर बड्स स्कूल में देशभक्ति आयोजन




**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में संस्कारों की पाठशाला किंडर बड्स स्कूल प्रांगण में देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निदेशक डॉ.धीरज हासीजा एवं प्राचार्य डॉ. दीपिका हासीजा की मौजूदगी में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य, भाषण एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

## दयासागर का आयोजन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संस्था दयासागर द्वारा आयोजित झन्डा वंदन में कांग्रेस नेता प्रेम खडायता, पप्पू शर्मा, देवेन्द्र जैन, पवन तोमर, डॉ चेतन, ओम ओशो, गुरु शर्मा मौजूद रहे।

## जनधन क्रेडिट को-ऑपरेटिव समिति का आयोजन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सहकार भारती इंदौर महानगर के सभी सदस्य की उपस्थिति में जनधन क्रेडिट को-ऑपरेटिव समिति के प्रधान कार्यालय पर स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। अनिल देशमुख, अभिनव शुक्ला, कीर्तिश धार्मिकर, दिनेश त्रिपाठी, जवाहर गुप्ता, नरेश शर्मा, ओमप्रकाश नीम, पंकज चाणक, मनीषा चना सहित अन्य मौजूद थे।



## मार्निंग वाकर ने किया ध्वजारोहण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बटुकेश्वर दत्त उद्यान में गार्डन ग्रुप एवं मॉर्निंग वॉकर ने ध्वजारोहण किया। मीता-रामबाबू राठौर, नीलेश नीमा, भगवानदास करोसिया, हेमा पंजवानी, राजू ढाकुनिया, पदम हतुनिया, प्रकाश जावडेकर के अलावा मातृशक्तियां भी मौजूद रही।



## योग क्लास में देशभक्ति

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** स्वतंत्रता दिवस पर कल गीता भवन में ध्वजारोहण का आयोजन किया। किशोर गोयल, अनिता माहेश्वरी, रूबी जैन, आशा जैन, साक्षी, प्रियंका एवं धीरज सहित अन्य मौजूद थे।

## बोहरा समाजजनों ने किया राष्ट्रगान



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बोहरा समाज ने स्वतंत्रता दिवस पर बुरहानी गार्डन के आयोजन सैफीनगर में ध्वजारोहण किया गया। आमिल शब्बीर हुसामी, मज़हर हुसैन सेठजीवाला, शेख सैफुद्दीन भाई खंबाती, सादिक खान, जौहर मानपुरवाला, फिरोज सायकलवाला, मोईज मुंशी, बुरहान राजगढ़वाला, मुर्तुजा मिठाईवाला, सकीना पर्दावाला, जौहर मुरब्बी मौजूद थे।



## इंडिगो एयरलाइंस का स्टॉफ दिखा एक साथ

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** स्वतंत्रता दिवस पर इंडिगो एयरलाइंस ने झंडावंदन का आयोजन किया। इंडिगो स्टाफ एक साथ देशभक्ति में लीन नजर आया।

## सफाई मित्रों के साथ छप्पन दुकान व्यापारियों का आयोजन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सफाई मित्रों ने व्यापारियों संग 56 दुकान पर ध्वजारोहण किया। इस दौरान देशभक्ति का आयोजन हुआ।



## कल्याण संगठन ने निकाली बाइक रैली

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** स्वतंत्रता दिवस पर भगवती मानव कल्याण संगठन के द्वारा ध्वजा रोहण कर बाइक रैली रामचन्द्र नगर से निकाली गई।

## बुंदेला रजक समाजजनों ने किया माल्यार्पण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** स्वतंत्रता दिवस पर श्री बुंदेला रजक समाज समिति ने धर्मशाला में गाडगे बाबा प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और ध्वजा रोहण का आयोजन भी किया। रवि बाथम, तेजू चौहान, नरेन्द्र बुंदेला ने गीतों की प्रस्तुति दी।

# 5 हजार का इनामी व जिलाबदर बदमाश पिस्टल के साथ गिरफ्तार

## जोमैटो बॉय से लूटी थी स्कूटी







इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

अन्नपूर्णा और रावजी बाजार थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने जिलाबदर व लूट की वारदात में फरार चल रहे 5 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी ने अपनी महिला मित्र के साथ मिलकर जोमैटो डिलीवरी बॉय से स्कूटी और अन्य सामान लूटा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी पिस्टल और जिंदा कारतूस भी बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, गत 7 अगस्त को अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र के फूटी कोठी चौराहे के पास जोमैटो डिलीवरी बॉय के साथ लूटपाट की सनसनीखेज वारदात हुई थी। शातिर बदमाश ने अपनी महिला मित्र के साथ मिलकर डिलीवरी बॉय की स्कूटी लूट ली थी और मौके से फरार हो गए थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी जोन द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था और एसीपी अन्नपूर्णा शिवेंदु जोशी के मार्गदर्शन में अन्नपूर्णा व रावजी बाजार थाना प्रभारियों के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रिंस विश्नार पिता आनंद विश्नार निवासी हरिजन कॉलोनी, गाड़ी अड्डा, थाना रावजी बाजार को घेराबंदी कर धरदबोचा। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत पृथक से प्रकरण दर्ज किया गया है। इसके अलावा, पुलिस आयुक्त द्वारा जारी जिलाबदर आदेश का उल्लंघन कर शहर में अवैध रूप से घूमने पर उसके खिलाफ मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत भी मामला दर्ज किया गया है। मामले में शामिल आरोपी की महिला मित्र पलक पिता नटवर वर्मा निवासी डॉक्टर कॉलोनी, द्वारकापुरी को पुलिस पूर्व में ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई स्कूटी, घटना में प्रयुक्त चाकू, एक देशी पिस्टल और एक जिंदा कारतूस जब्त कर लिया है। अन्नपूर्णा थाना पुलिस गिरफ्तार आरोपी से अन्य आपराधिक वारदातों के संबंध में गहन पूछताछ कर रही है।

# बस व पिकअप में भिड़ंत, केबिन में फंसा ड्राइवर





## बस में स्कूली बच्चे भी थे सवार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बड़गोंदा थाना क्षेत्र के गवली पलासिया स्थित महेश्वर फाटे पर कल सुबह एक तेज रफ्तार उपनगरीय बस और पिकअप वाहन के बीच आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। बस मानपुर से महू की ओर आ रही थी, जिसमें कई स्कूली बच्चे भी सवार थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसका चालक केबिन में ही फंस गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कल सुबह करीब 7:40 बजे बस चालक तेज रफ्तार में एक अन्य वाहन को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था, तभी सामने से आ रहे पिकअप वाहन से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों और स्कूली बच्चों में चीख-पुकार मच गई। राहगिरों ने तुरंत तत्परता दिखाते हुए पिकअप के कांच तोड़े और केबिन में फंसे चालक को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। सूचना मिलते ही बड़गोंदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। गंभीर रूप से घायल पिकअप चालक और मामूली चोटिल स्कूली बच्चों को प्राथमिक उपचार के लिए सिविल अस्पताल महू पहुंचाया गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को जब्त कर क्रेन की मदद से सड़क से हटवाया और यातायात सुचारू कराया। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बेवजह दी गालियां विरोध करने पर कार और बाइक फोड़ी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के अमर पैलेस कॉलोनी में रहने वाले बदमाशों ने एक रहवासी के साथ गाली-गलौज की और विरोध करने पर उनके घर के बाहर खड़ी कार और मोटरसाइकिल में जमकर तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया। पीड़ित की शिकायत पर राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, अमर पैलेस कॉलोनी निवासी फरियादी जितेंद्र पिता मोहनलाल गुप्ता ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उनकी ही कॉलोनी में रहने वाले अखिलेश, अंकित उर्फ पुष्पा, बाबू और उनका एक अन्य साथी अचानक उनके घर के बाहर पहुंचे और अकारण गालियां देने लगे। जब पीड़ित ने उन्हें गाली-गलौज करने से रोका और विरोध जताया, तो चारों आरोपी आक्रोशित हो गए। इसके बाद चारों आरोपियों ने मिलकर पीड़ित के घर के बाहर खड़ी उनकी कार क्रमांक एमपी-09 सीडब्ल्यू 5515 में तोड़फोड़ कर दी। इतना ही नहीं, बदमाशों ने पास ही खड़ी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी-09 वीक्यू 8669 के सामने का मास्क, दाहिनी तरफ का इंडिकेटर और मडगार्ड भी डंडों व पत्थरों से फोड़कर काफी नुकसान पहुंचाया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले।

# दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

## पौने तीन लाख की दो बाइक्र बरामद



**इंदौर।** लसूडिया थाना पुलिस ने वाहन चोरी की वारदातों का पर्दाफाश करते हुए दो आदतन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की गई एक रॉयल एनफील्ड बुलेट और एक हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल जब्त की है, जिनकी कुल कीमत लगभग 2 लाख 75 हजार रुपये बताई जा रही है। पकड़े गए दोनों आरोपी आदतन अपराधी हैं, जिनके खिलाफ शहर के विभिन्न थानों में दर्जनों गंभीर अपराध दर्ज हैं।

पुलिस के अनुसार, फरियादी निखिल पिता भागवत सिंह चौहान निवासी हेलो वर्ल्ड बिल्डिंग, स्कीम नंबर 136 ने लसूडिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरियादी ने बताया कि 13 अगस्त की रात करीब 10:30 बजे उन्होंने अपनी रॉयल एनफील्ड बुलेट एमपी-12 झेडई 5527 घर के बाहर फुटपाथ पर लॉक करके खड़ी की थी। देर रात करीब 2:30 बजे जब वे बाहर आए तो बाइक गायब थी। अज्ञात चोर बुलेट लेकर रफूचक्कर हो चुके थे। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि दो युवक एक बुलेट को धक्का देकर स्कीम नंबर 136 की ओर ले जा रहे हैं। खबर मिलते ही लसूडिया पुलिस की टीम ने तुरंत घेराबंदी की और संदेही आरोपी अमन सोनी निवासी स्कीम नंबर 51 संगम नगर तथा प्रथम सामंत निवासी सृष्टि पैलेस, छोटा बांगड़दा को चोरी की गई बुलेट के साथ धरदबोचा। कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने 4अगस्त को प्रेस्टीज कॉलेज के पास से भी एक हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल एमपी-09 झेडएच 4729 चोरी की थी। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर स्प्लेंडर बाइक भी बरामद कर ली है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी अमन सोनी पर एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट, लूट और चोरी के 11 मामले दर्ज हैं, वहीं प्रथम सामंत पर भी डकैती की योजना और लूट के कई अपराध दर्ज हैं। आरोपी अपने महंगे शौक पूरे करने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। लसूड़िया थाना पुलिस दोनों आरोपियों से शहर में हुई अन्य वाहन चोरी की वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।